मुख्यमंत्री का कार्यालय
(जनसंपर्क कोषांग)
बिहार सरकार
प्रेस विज्ञप्ति

संख्या–cm-548
20/10/2023

# राष्ट्रपति श्रीमती द्रौपदी मुर्मु बिहार दौरे के क्रम में पटना से गया के लिए रवाना, हवाई अड्डे पर उन्हें विदाई दी गई

**पटना, 20 अक्टूबर 2023 :–** राष्ट्रपति श्रीमती द्रौपदी मुर्मु तीन दिवसीय बिहार दौरे के क्रम में विशेष विमान से आज पटना से गया के लिए रवाना हुईं। राष्ट्रपति श्रीमती द्रौपदी मुर्मु को पटना हवाई अड्डे पर विदाई दी गई। हवाई पट्टी पर राष्ट्रपति श्रीमती द्रौपदी मुर्मु को मुख्यमंत्री श्री नीतीश कुमार, मंत्रिमंडल के सदस्यगण, मेयर पटना नगर निगम श्रीमती सीता साहू, मुख्य सचिव श्री आमिर सुबहानी, पुलिस महानिदेशक श्री आर0एस0 भट्टी, अपर मुख्य सचिव मंत्रिमंडल सचिवालय डॉ0 एस0 सिद्धार्थ, आयुक्त, पटना प्रमण्डल श्री कुमार रवि, पुलिस महानिरीक्षक, पटना रेंज श्री राकेश कुमार राठी, जिलाधिकारी श्री चन्द्रशेखर सिंह एवं वरीय पुलिस अधीक्षक श्री राजीव मिश्रा ने विदाई दी तथा उनके सुखद यात्रा की कामना की।

******